राजस्थान सरकार

# कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, कोटा

Ph. 0744-2420313 Email : gwpc.kota@rajasthan.gov.in
Website : hte.rajasthan.gov.in/college/gwpckota/

क्रमांक- रामपोको/स्थापना/2023-2024/1392 दिनांक 26.09.2023

## -:: विज्ञप्ति ::-

निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान जोधपुर के पत्रांक एफ 8(1-ए) प्राशिनि/ई-1/सी-5/2022/6610 दिनांक 10-08-2023 की अनुपालना में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में विद्या सम्बल योजनान्तर्गत अध्यापन कार्य हेतु रिक्त पद के विरुद्ध कमर्शियल आर्ट विभाग में एक एवं अंग्रेजी विषय हेतु एक पूर्णरूप से अस्थाई विषय विशेषज्ञों (गेस्ट फेकल्टी) हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों (मूल एवं फोटो प्रति) सहित दिनांक 04.10.2023 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं। अभ्यर्थी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताओं नियमों शर्तों एवं मानदेय हेतु संस्थान की वेबसाईट का अवलोकन करने के उपरांत स्वयं उपस्थित होकर ही आवेदन करें।

प्रधानाचार्य
राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कोटा।

प्रारूप

## शपथ–पत्र

मैं श्री/श्रीमती/कुमारी..................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री..............
..................विभाग..................................................(संस्थान का नाम) में दिनांक...............को गेस्ट फेकल्टी के रूप में अपनी उपस्थिति दे रहा हूं/दे रही हूं।

1. यह है कि मैंने..............................विभाग/संस्थान द्वारा जारी विज्ञापन दिनांक............. के क्रम में अपना आवेदन प्रस्तुत किया है तथा मैंने विज्ञापन में वर्णित शर्तों को पढ़ व समझ लिया है तथा उन शर्तों की पालना हेतु वचनबद्ध हूं।

2. यह है कि मैंने राजस्थान सरकार के वित्त (सामान्य वित्तीय, एवं लेखा नियम) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6 (2)वित्त/साविलेनि/2021 दिनांक...............को अच्छे से पढ़/समझ लिया है।

3. यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त सूचनाएं पूर्णतया सत्य हैं तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है।

4. यह कि मेरे द्वारा जमा किये गये समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण संबंधी मूल अभिलेख एवं अन्य दस्तावेज जो विभाग द्वारा अपेक्षित हैं (यथा पहचान पत्र जो आवेदन पत्र में अंकित हो, न्यूनतम शैक्षिक पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक, निवास, जाति, विकलांगता, भू.पू.सै. स्वयं से संबंधित प्रमाण पत्र) पूर्णतया सही हैं।

5. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त मूल अभिलेख एवं अन्य सूचनाए यदि जांच के दौरान कूटरचित/फर्जी अथवा गलत पायी जाती है तो मुझे गैस्ट फैकल्टी से निर्मुक्त कर दिया जाएगा। जिला स्तरीय समिति के empellement से निर्मुक्त करते हुए मेरे विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही मुझे स्वीकार्य होगी जिसके लिए किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगा/करूंगी।

6. यह है कि मैं कार्य निष्पादन के दौरान निर्धारित उच्च मानदंडों के अनुसार अपनी सेवाएं प्रदान करूंगा/करूंगी तथा यदि मैं इसका उल्लंघन करता हूं/करती हूं तो संस्था एकतरफा कार्यवाही हेतु स्वतंत्र तथा अधिकृत होगी।

7. यह कि मै जिला आवंटित होने के उपरान्त स्थान परिवर्तन की मांग नहीं करूंगा/करूंगी।

8. यह है कि मै इस तथ्य से भलिभांति अवगत हूं कि जिस रिक्त पद के विरूद्ध शपथग्रहिता को गैस्ट फैकल्टी रखा गया है, उस पद पर नियमित नियुक्ति की दिनांक से ही उपर्युक्त व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जावेगी।

9. यह है कि मैने यह अच्छे से समझ लिया है कि यह व्यवस्था पूर्ण रूप से अस्थायी तथा एक सेमेस्टर या एक सेशन के लिये है तथा भविष्य में इसके आधार पर नियमित नियुक्ति का दावा नहीं करूंगा/करूंगी।

10. इस व्यवस्था से नियमित नियुक्ति या अन्य किसी भी कारण से मुझे यदि गैस्ट फैकल्टी के रूप में नहीं बुलाया जाता है तो मेरे द्वारा न्यायिक या प्रशासनिक स्तर पर कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।

11. मै राज्य सरकार/विभाग/संस्थान द्वारा समय-समय पर जारी नियमों/निर्देशों की पूर्ण पालना करूंगा/करूंगी।

12. यह कि मुझे केन्द्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी अथवा समुचित प्राधिकारी के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी निगम या निकाय अथवा विभाग द्वारा पदच्युत नहीं किया गया है तथा नैतिक अधमता अथवा किसी अन्य अपराध के लिए दोष सिद्ध नहीं किया गया है और न ही कोई आपराधिक प्रकरण न्यायालय में लंबित है।

13. मैने यह समझ लिया है कि निम्न कार्य कुशलता, दुराचरण, अनियमितता तथा कार्य से अनुपस्थिति की दशा में संस्थान या सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये मुझे गैस्ट फैकल्टी के रूप में निर्मुक्त करने का अधिकार होगा।

14. मैं राजकीय अभिलेख तथा सूचनाओं की गोपनीयता बनाये रखूंगा तथा इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार दण्डीय कार्यवाही का उत्तरदायी होउंगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मै शपथपूर्वक बयान करता हूं/करती हूं कि उपर्युक्त वर्णित बिंदु संख्या 1 से 14 में वर्णित तथ्य/सूचना मेरी जानकारी में सही तथा सत्य हैं, मैने इनको भलिभांति पढ़ तथा समझ लिया है, मैने कुछ भी असत्य व्यक्त नहीं किया है तथा न ही कुछ छिपाया है। यदि भविष्य मे कोई सूचना/तथ्य असत्य या अपूर्ण सिद्ध होता है तो मै स्वयं इसके लिये उत्तरदायी रहूंगा।

शपथग्रहिता

राजस्थान सरकार

# कार्यालय प्रधानाचार्य, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, कोटा ।

Ph. 0744-2420313 Email: gwpc.kota@rajasthan.gov.in Website:hte.rajasthan.gov.in/college/gwpckota/

क्रमांक:— रामपोको / स्थापना / 2023—2024 / 1392 दिनांक:— 26/9/2023

## —:: विज्ञप्ति ::—

निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर के पत्रांक एफ 8(1—ए)प्राशिनि / ई—1 / सी—5 / 2022 / 6610 दिनांक 10—08—2023 की अनुपालना में शैक्षणिक सत्र 2023—2024 में विद्या सम्बल योजनान्तर्गत अध्यापन कार्य हेतु रिक्त पद के विरूद्ध कमर्शियल आर्ट विभाग में एक एवं अंग्रेजी विषय हेतु एक पूर्णरूप से अस्थाई विषय विशेषज्ञों ( गेस्ट फेकल्टी ) हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों ( मूल एवं फोटो प्रति ) सहित दिनांक 04.10.2023 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं । अभ्यर्थी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताओं , नियमों , शर्तों एवं मानदेय हेतु संस्थान की वेबसाईट का अवलोकन करने के उपरांत स्वयं उपस्थित होकर ही आवेदन करें।

( लीना बम्बानी )

प्रधानाचार्य

राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय,कोटा।